# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 18-6-26 | 04 | 7-8 |

दैनिक भास्कर

## जून के आखिरी सप्ताह से शुरू कर सकते हैं मूंगफली की बिजाई

### एमएच-4 व पंजाब मूंगफली नंबर-1 उपयुक्त किस्म

भास्कर न्यूज | हिसार

मूंगफली की बिजाई जून के अंतिम सप्ताह से शुरू कर देनी चाहिए और जुलाई के प्रथम सप्ताह तक पूरी कर लें। इसकी उन्नत गुच्छेदार किस्मों में एमएच-4 व पंजाब मूंगफली नंबर 1 बोने की सिफारिश की जाती है। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि बुवाई कतार से कतार का फासला 30 सेंटीमीटर रखकर करनी चाहिए। कतारों में बुवाई इस प्रकार करें कि बीज लगभग 15 सेंटीमीटर के फासले पर पड़े, जबकि पंजाब मूंगफली नंबर 1 के लिए यह फासला 22.5 सेंटीमीटर रखें।



मूंगफली की फसल का फाइल फोटो।

### मूंगफली में जिप्सम का प्रयोग है लाभदायक

मूंगफली बोते समय एक एकड़ भूमि में बिजाई के समय 13 किलोग्राम यूरिया व 125 किलोग्राम सुपरफास्फेट, 16 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश व 10 किलोग्राम जिंक सल्फेट मिलाकर ड्रिल करें। मूंगफली में जिप्सम का प्रयोग लाभदायक पाया गया है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 17-6-26 | 04 | 1-2 |

## एचएयू में प्रवेश आवेदन की अंतिम तारीख 23 जून तक बढ़ी

### प्रवेश परीक्षा व अन्य विवरण एचएयू की वेबसाइट पर

भास्कर न्यूज़ | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार ने स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम समय-सीमा बढ़ा दी है। अब अभ्यर्थी 23 जून तक आवेदन कर सकेंगे। पहले आवेदन की अंतिम समय-सीमा 15 जून तय थी।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है और कृषि, मौलिक विज्ञान व मानविकी, बायोटेक्नोलॉजी, सामुदायिक विज्ञान, कृषि अभियांत्रिकी व प्रौद्योगिकी, मत्स्य विज्ञान तथा गुरुग्राम स्थित व्यवसाय प्रबंधन व एग्रीप्रेन्योरशिप संस्थान में प्रवेश किए जाएंगे।

कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि पीजी डिप्लोमा में रिमोट सेंसिंग व जीआईएस, कृषि व पर्यावरण अनुप्रयोग, मानव पोषण व डायटेटिक्स और स्पोर्ट्स न्यूट्रीशन शामिल हैं। इन डिप्लोमा के लिए हरियाणा का स्थायी निवासी होना जरूरी है। फीस सामान्य वर्ग के लिए 1500 और आरक्षित वर्ग व दिव्यांग के लिए 375 रुपए है। प्रवेश परीक्षा व अन्य विवरण hau.ac.in और admissions.hau.ac.in पर उपलब्ध हैं।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 17-6-26 | 13 | 1-3 |

# हकृवि ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन की तिथि बढ़ाई

## अब किए जा सकेंगे 23 जून तक आवेदन

हिसार, 16 जून (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर व पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए उम्मीदवार अब 23 जून तक आवेदन कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय द्वारा आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई थी जिसे अब बढ़ाकर 23 जून 2026 कर दिया गया है। विभिन्न पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा संबंधित विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट और पर उपलब्ध हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने यह जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय में इन दिनों शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है जिसमें कृषि महाविद्यालय, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय, बायोटैक्नोलोजी महाविद्यालय, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय एवं इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट एंड एग्रीप्रेन्योरशिप गुरूग्राम में विभिन्न स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले किए जाएंगे।




**इन पीजी डिप्लोमा प्रोग्राम में होंगे दाखिलें:** कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि पीजी डिप्लोमा प्रोग्राम में रिमोट सेसिंग एंड जियोग्रेफिकल इनफोरमेशन, सिस्टम (जीआईएस) एप्लीकेशन इन एग्रीकल्चर एंड इन्वायरमेंट, ह्यूमन न्यूट्रीशन एंड डाइटेटिक्स व स्पोर्टस न्यूट्रीशन भी शामिल है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में आवेदन के लिए उम्मीदवार हरियाणा प्रदेश का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है। ऑनलाइन आवेदन फार्म एवं प्रोस्पेक्टस विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। सामान्य श्रेणी के उम्मीदवार के लिए आवेदन की फीस 1500 रूपये जबकि अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, पीडब्ल्यूडी(दिव्यांग) उम्मीदवारों के लिए 375 रूपये होगी। इसके अलावा उपलब्ध सीटों की संख्या, महत्वपूर्ण तिथियां, न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता, दाखिला प्रक्रिया आदि संबंधी सभी जानकारियां विश्वविद्यालय की वेबसाइट और पर दिए गए प्रोस्टपेक्टस में उपलब्ध हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि-भूमि | 17-6-26 | 11 | 7-8 |

# हकृवि में दाखिले के लिए आवेदन की तिथि अब 23 जून तक बढ़ाई

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर व पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए उम्मीदवार अब 23 जून तक आवेदन कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय द्वारा आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई थी जिसे अब बढ़ाकर 23 जून कर दिया गया है। विभिन्न पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा संबंधित विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि विश्वविद्यालय में इन दिनों शैक्षिणक सत्र 2026-27 के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है जिसमें कृषि महाविद्यालय, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय, बायोटैक्नोलोजी महाविद्यालय, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय एवं इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट एंड एग्रीप्रेन्योरशिप गुरूग्राम में विभिन्न स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले किए जाएंगे।

## ये हैं पीजी डिप्लोमा प्रोग्राम

कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि पीजी डिप्लोमा प्रोग्राम में रिमोट सेंसिंग एंड जियोग्रेफिकल इनफोरमेशन, सिस्टम (जीआईएस) एप्लीकेशन इन एग्रीकल्चर एंड इन्वायरमेंट, हयूमन न्यूट्रीशन एंड डाइटेटिक्स व स्पोर्टस न्यूट्रीशन भी शामिल है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में आवेदन के लिए उम्मीदवार हरियाणा प्रदेश का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है। ऑनलाइन आवेदन फार्म व प्रोस्पेक्टस विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 17-6-26 | 02 | 06 |

# हकृवि ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन की तिथि बढ़ाई

## अब किए जा सकेंगे 23 जून तक आवेदन

हिसार, 16 जून (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर व पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए उम्मीदवार अब 23 जून तक आवेदन कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय द्वारा आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई थी जिसे अब बढ़ाकर 23 जून 2026 कर दिया गया है। विभिन्न पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा संबंधित विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि विश्वविद्यालय में इन दिनों शैक्षिणक सत्र 2026-27 के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है जिसमें कृषि महाविद्यालय, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय, बायोटैक्नोलोजी महाविद्यालय, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय एवं इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट एंड एग्रीप्रेन्योरशिप गुरुग्राम में विभिन्न स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले किए जाएंगे। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि पीजी डिप्लोमा प्रोग्राम में रिमोट सेंसिंग एंड जियोग्रेफिकल इनफोरमेशन, सिस्टम एप्लीकेशन इन एग्रीकल्चर एंड इन्वायरमेंट, हयूमन न्यूट्रीशन एंड डाइटेटिक्स व स्पोर्टस न्यूट्रीशन भी शामिल है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| पाठकपक्ष न्यूज | 17.06.2026 | ----- | ---- |

## हकृवि ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन की तिथि बढ़ाई

-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 17 जून :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर व पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए उम्मीदवार अब 23 जून तक आवेदन कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय द्वारा आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई थी जिसे अब बढ़ाकर 23 जून 2026 कर दिया गया है। विभिन्न पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा संबंधित विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट hau.ac.in और admissions.hau.ac.in पर उपलब्ध हैं।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने यह जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय में इन दिनों शैक्षिणक सत्र 2026-27 के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है जिसमें कृषि महाविद्यालय, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय, बायोटैक्नोलोजी महाविद्यालय, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय एवं इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट एंड एग्रीप्रेन्योरशिप गुरूग्राम में विभिन्न स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले किए जाएंगे।

**इन पीजी डिप्लोमा प्रोग्राम में होंगे दाखिलें**

कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि पीजी डिप्लोमा प्रोग्राम में रिमोट सेंसिंग एंड जियोग्रेफिकल इनफोरमेशन, सिस्टम (जीआईएस) एप्लीकेशन इन एग्रीकल्चर एंड इन्वायरमेंट, हयूमन न्यूट्रीशन एंड डाइटेटिक्स व स्पोर्टस न्यूट्रीशन भी शामिल है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में आवेदन के लिए उम्मीदवार हरियाणा प्रदेश का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है। ऑनलाइन आवेदन फार्म एवं प्रोस्पेक्टस विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। सामान्य श्रेणी के उम्मीदवार के लिए आवेदन की फीस 1500 रूपये जबकि अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, पीडब्ल्यूडी(दिव्यांग) उम्मीदवारों के लिए 375 रूपये होगी। इसके अलावा उपलब्ध सीटों की संख्या, महत्वपूर्ण तिथियां, न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता, दाखिला प्रक्रिया आदि संबंधी सभी जानकारियां विश्वविद्यालय की वेबसाइट hau.ac.in और admissions.hau.ac.in पर दिए गए प्रोस्टपेक्टस में उपलब्ध हैं।